Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

Title : Need to release funds for the pumping lift drinking water schmes in Uttaranchal.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : माननीय सभापति जी, हमारे उत्तरांचल प्रदेश के मुख्य मंत्री जी ने 2004 में अनेक पेयजल योजनाओं की स्वीकृति की घोाणा की जिनमें बरकिण्डा-मानिला, गंगोलीहाट, दन्या-धौलादेवी, चमड़खान व चिलियानौला-गगास, भौनखाल-काठ की नाव आदि प्रमुख हैं। सैकड़ों गांवों में पेयजल के प्राकृतिक स्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं और पम्पिंग लिफ्ट पेयजल योजना के अलावा अब कोई विकल्प नहीं बचा है। प्रदेश के मुख्य मंत्री इस संबंध में केन्द्रीय सहायता हेतु अनुरोध पत्र भी लिख चुके हैं और मैं भी प्रत्यक्ष रूप से माननीय डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह जी से मिलकर निवेदन कर चुका हूं। चूंकि मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं, इसलिए मैं पुनः निवेदन करना चाहता हूं कि इस विाय को गंभीरता से लिया

जाए और जिन पेयजल योजनाओं का मैंने उल्लेख किया है, इनके लिए केन्द्रीय स्तर से धनराशि प्रदान करने की कृपा करें।